F.No.- CSU-LKO/2023-2024/Dir/01/10
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर
विशाल खण्ड–04, गोमतीनगर, लखनऊ–226010
☎ 0522.2393748, Email- director-lucknow@csu.co.in
Website: - http://www.csu-lucknow.edu.in

दिनांक– 19.04.2023

कार्यालय आदेश

दिनांक 24.04.2023 को परिसर में विजिट हेतु **NAAC PEER TEAM** का आना निश्चित हुआ है। यह टीम 23.04.2023 को सायंकाल लखनऊ आयगी। 24 एवं 25 अप्रैल को परिसर में विजिट करने की सम्भावना है। इस सन्दर्भ में सभी विभागाध्यक्षों/संयोजकों से आग्रह है कि **NAAC PEER TEAM** विजिट के समय अपने–अपने छात्रों को यथास्थान विभाग में बैठने एवं अध्यापन का प्रबन्ध सुनिश्चित करेंगे। **NAAC PEER TEAM** के समक्ष उत्तमोत्तम प्रदर्शन हो, ऐसा प्रयास करेंगे। विभाग की स्वच्छता सुनिश्चित करेंगे। कक्षाएँ मध्यावकाश के अतिरिक्त समय में बाधित न हों इसका पूर्ण प्रयास करेंगे। सभी अपने–अपने विभाग के छात्रों को इस बात के लिए निर्देशित करेंगे कि **NAAC PEER TEAM** की अपेक्षा के अनुरूप उत्तर/प्रदर्शन करेंगे। जिस समय **NAAC PEER TEAM** मध्याह्न भोजन कर रहे होंगे, उसी समय छात्र मेस में जाकर यथाशीघ्र भोजन सम्पन्न कर पुनः कक्षा में यथासमय आ जायेंगे। शिक्षक भी परिसर द्वारा की गयी भोजन व्यवस्था में भोजन कर अपने कक्ष में उपस्थित रहेंगे। **NAAC PEER TEAM** के आगमन से लेकर प्रस्थान पर्यन्त प्रो. लोकमान्य मिश्र, प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय और डॉ. गुरुचरण सिंह नेगी परिसर निदेशक के साथ **NAAC PEER TEAM** विजिट में सहायता करेंगे। **NAAC PEER TEAM** के परिसर में पधारने पर स्वागत समिति के सभी सदस्य मुख्य भवन के द्वार पर उपस्थित रहकर टीम सदस्यों का स्वागत करेंगे। (पूर्व में गठित स्वागत समिति)। तत्पश्चात् सभी अपने–अपने कक्ष में अध्यापन कार्य में रत रहेंगे। परिसर निदेशक द्वारा किये जा रहे प्रजेन्टेशन के समय सभी विभागाध्यक्ष/संयोजक **NAAC PEER TEAM** के समक्ष उपस्थित रहेंगे। सभी वार्डेन से आग्रह है कि छात्रावासों के बाहर, अन्दर तथा शौचालय आदि में स्वच्छता एवं रखरखाव पूर्ण रूप से सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए संसाधनों का प्रबन्ध परिसर निदेशक के अनुमोदन से वार्डेन स्वयं करेंगे। उपर्युक्त का सभी सम्बद्ध सदस्य दृढ़तापूर्वक पालन करना चाहेंगे।

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

प्रतिलिपि–

1. उपर्युक्त सभी को सूचनार्थ
2. कार्यालय आदेश सञ्चिका
3. सम्बद्ध सञ्चिका के लिए श्री वेद प्रकाश, एल.डी.सी.
4. डॉ. गुरुचरण सिंह नेगी, आईक्यूएसी, समन्वयक को सूचनार्थ
5. वेबसाइट पर अपलोड हेतु श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक